'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 31.10.2017
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 20 ● अंक 23 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 31 अक्टूबर, 2017

निजी क्षेत्र में आरक्षण का फायदा

डॉ. उदित राज

नीति आयोग के उपाध्यक्ष, राजीव कुमार ने कहा कि दलितों और पिछड़ों को निजी क्षेत्र में आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसा वक्तव्य क्यों आया? ये तो वही जान सकते हैं लेकिन ये कोई जनता के प्रतिनिधि नहीं हैं कि इनके सामने ऐसी मांग रखी गयी थी। हम उनसे तर्क करने के लिए तैयार हैं कि वे यह सिद्ध कर दें कि आरक्षण से अर्थव्यवस्था एवं विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। हम आरक्षण की मांग इसलिए करते हैं कि भागीदारी का अवसर मिले और भेदभाव की नीयत से छुटकारा प्राप्त कर सके। अवसर ही योग्यता है। जिन्हें हजारों वर्षो से पढ़ने-लिखने का अवसर मिला ही न हो, उन्हें आरक्षण के माध्यम से अवसर प्रदान किया जाता है। आरक्षण का स्वागत करना चाहिए, इसलिए कि हजारों वर्षो का पिछड़ापन एक और दो पीढ़ी में मिट जा पा रहा है।

ज्यादातर महत्वपूर्ण स्थानों पर दलितों और पिछड़ों की भागीदारी है ही नहीं तो पिछड़ेपन और कमजोर अर्थव्यवस्था के लिए आरक्षित वर्ग के लोग जिम्मेदार कहां से हैं। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट में 95 प्रतिशत से अधिक जज तथाकथित सवर्ण समाज से हैं, अगर निष्पक्षता से देखा जाए तो सबसे ज्यादा निकम्मापन यहीं पर है। 2 से 3 पीढ़ी तक मुकदमे चल रहे हैं। गरीबों को न्याय मिल नहीं पा रहा है और करोड़ों मामले निबटाने के लिए लंबित हैं। अखबार और चैनल में सवर्णो की ही भागीदारी है। सभी जानते हैं कि मीडिया समाज के निर्माण, शिक्षा, पारदर्शिता आदि के मामले में कहां खड़ी है। योगेन्द्र यादव और अनिल चमड़िया के द्वारा सीएसडीएस व मीडिया स्टडी ग्रुप के तहत वर्ष 2006 में बड़े 37 मीडिया संस्थानों में दलित भागीदारी को लेकर कराए सर्वे में हकीकत बयां करने वाले तथ्य सामने आए। सर्वे में राजधानी दिल्ली के किसी भी मीडिया संस्थान के निर्णायक शीर्ष दस पदों पर कोई दलित नहीं मिला। इसके मुताबिक ऊंची जातियों का मीडिया संस्थानों में 71 प्रतिशत शीर्ष पदों पर कब्जा है। इसमें 49 प्रतिशत ब्राह्मण, 14 प्रतिशत कायस्थ, 7-7 प्रतिशत वैश्य और राजपूत, खत्री 9 प्रतिशत, गैर द्विज उच्च जाति 2 प्रतिशत और अन्य पिछड़ी जाति 4 प्रतिशत हैं। इनमें दलितों की हिस्सेदारी कहीं नहीं दिखती।

तो वित्त, टैक्स, उत्पादन और गुणवत्ता आदि की कितनी खस्ता हालत है, क्या किसी से छुपा है। एक या दो भी मौलिक तकनीक का आविष्कार क्या हमारे निजी क्षेत्र ने किया है, जैसे कि बिलगेट्स ने विंडोज, जुकरबर्ग ने फेसबुक, स्टीव जॉन ने एप्पल और हेनरी फोर्ड ने फोर्ड कार जैसी तकनीक बनाया। लगभग 95 प्रतिशत तकनीक आयातित है और शेष हमारी सरकार करती है। विकसित देशों में मुख्य रूप से तकनीक का आविष्कार निजी क्षेत्र ने किया। और उसका एक कारण यह है कि उनकी सोच में उदारता। नौकरशाही के शीर्ष पर शतप्रतिशत तथाकथित सवर्ण हैं और यदि भ्रष्टाचार, गुणवत्ता, कार्य में विलंबता और कानून-व्यवस्था की समस्या है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इसी तरीके से ज्ञान-विज्ञान, तकनीक एवं चिकित्सा जैसी संस्थाओं में भी लगभग पूरा नियंत्रण इन्हीं के पास है। यदि आई. आई.टी. का इंजीनियर बाहर जाकर अच्छी नौकरी पा लेता है तो एक शिक्षित मजदूर के सिवाय क्या है?

आरक्षण जहां पहले सरकार में लागू हुआ, वहां न केवल प्रशासन ठीक रहा है बल्कि उन राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य औद्योगिक विकास, प्रतिव्यक्ति आय और कानून व्यवस्था आदि सभी बेहतर रहे हैं। 1902 में कोल्हापुर की रियासत में शाहूजी महाराज ने 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया तो तुलना करें उत्तर भारत के राज्यों से तो पाएंगें कि महाराष्ट्र आगे मिलेगा। 1921 में तमिलनाडु में आरक्षण लागू हुआ, 1935 में त्रावणकोर की रियासत केरल में और इसी वर्ष में मैसूर की रियासत में लागू हुआ। शेष राज्यों में आरक्षण पूनापैक्ट या आजाद भारत के बाद लागू हुआ। नीति आयोग के उपाध्यक्ष, राजीव कुमार को इसका अध्ययन करना चाहिए और उसके बाद मेरा विश्वास है कि पूर्वाग्रहित नहीं होगें तो निजी क्षेत्र में आरक्षण की पैरवी स्वयं करेगें। जो लोग योग्यता और दक्षता की बात करते हैं उन्हें हाल में हुए एक व्यापक अध्ययन के निष्कर्ष को जान लेना चाहिए। दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के प्रो. अश्विनी देशपांडे एवं मिशिगन विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक प्रो. थामस विसकॉफ ने अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को आरक्षण देने के कारण भारतीय रेलवे में 1980 एवं 2002 की अवधि का अध्ययन किया। यह रिपोर्ट वर्ल्ड डेवलपमेंट जर्नल में भी छपी। भारतीय रेलवे पूरे विश्व में सबसे अधिक नौकरी देने वाला निकाय है, जहां पर आरक्षण लागू है। रेलवे में ग्रुप ए से लेकर ग्रुप डी तक में लगभग 13 से 14 लाख लोग काम करते हैं। 15 प्रतिशत अनुसूचित जातियों एवं 7.5 प्रतिशत जनजातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। इसके अलावा पिछड़ी जातियों को भी आरक्षण का लाभ मिलता है। इस अध्ययन ने पाया कि ग्रुप ए एवं ग्रुप बी के अधिकारी आरक्षण के कारण ही इन पदों पर पहुंच सके हैं। प्रो. देशपांडे एवं प्रो. विसकॉफ ने उन जोनों की तुलना की जिनमें सबसे अधिक और सबसे कम दलित कर्मचारी कार्यरत थे। उन्होंने पाया कि दोनों जोनों में कार्यक्षमता और उत्पादकता में कोई अंतर नहीं है, उल्टे उन्होंने पाया कि कुछ जोन जिनमें दलित कर्मचारी ज्यादा थे, वहां उत्पादकता अधिक बढ़ी।

उपरोक्त उदाहरण भारतीय परिप्रेक्ष्य के हैं, जो आरक्षण के पक्ष में जाते हैं। मलेशिया में किसी भी ब्ल्यू चिप कंपनी के 30 प्रतिशत शेयर वहां के भूमिपुत्र, जो दलितों और पिछड़ों के समकक्ष हैं, के मालिक होते हैं। व्यापार, उद्योग आदि में इनकी भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए सरकार का एक फंड जो इन लोगों के लिए कंपनियों का डिवेंचर खरीद देती है, डिवेंचर पर कंपनियां ब्याज देती हैं जो इनके नियमित आय का स्रोत होता है। डिवेंचर इसलिए कि अगर कंपनी का घाटा हो तो भी डिवेंचर धारकों को उनका पैसा लौटाना पड़ता है। साउथ अफ्रीका में क्रिकेट की टीम में कम से कम छः अश्वेत का होना जरूरी है। क्या वहां की क्रिकेट की टीम किसी से खराब है। अमेरिका में आरक्षण का पर्याय अफर्मेटिव एक्शन है और लगभग सभी निजी क्षेत्र के व्यापार, कंपनी, मीडिया व संस्थाएं अश्वेतों को अवसर देती हैं। वहां के अश्वेत यहां के दलितों व पिछड़ों के समकक्ष हैं।

कहना चाहता हूं कि वे आरक्षण का स्वागत करें, इससे उनका भला ज्यादा होगा, दलितों व पिछड़ों का कम। इनकी आबादी सबसे ज्यादा है और निजी क्षेत्र में इनको भागीदारी देने का मतलब कि इनकी क्रय-शक्ति बढ़ेगी और इससे तथाकथित सवर्णो की कंपनियों और उद्योगों का ही फायदा होगा, क्योंकि सामान उन्हीं का बिकेगा। जब दलितों और पिछड़ों की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी तो इनमें शिक्षा भी बढ़ेगी। बिना देश को शिक्षित किए भारत कभी भी विकसित देश नहीं हो सकता। इनकी भागीदारी से सामाजिक सौहार्द्र बनेगा और जात-पांत की जो खटास है, कम होगी। जिसकी आय और शिक्षा दोनो अच्छी होती है, वह कानून-व्यवस्था बनाने में सहयोगी होता है और स्वच्छ बनाने में भी मदद। नेता लोग जाति के नाम से पिछड़ेपन या भेदभाव के घाव को कुरेदकर गोलबंदी आसानी से नहीं कर पाएंगें और विकास और स्वच्छ प्रशासन इत्यादि के नाम से चुनाव भी होगें। अगर भेदभाव वाली मानसिकता आड़े न आए तो सवर्ण भी निजी क्षेत्र में आरक्षण की पैरवी करेगें।

परिसंघ की रैली

4 दिसंबर,2017 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की 20वीं महारैली आगामी 4 दिसंबर, 2017 (सोमवार) को प्रातः 10 बजे से रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आरक्षण सहित अन्य अनुसूचित जाति/जन जाति के अधिकारों के मुद्दों पर होना सुनिश्चित हुई है। परिसंघ के सभी पदाधिकारियों से आग्रह है कि इसकी सफलता के लिए तैयारी अभी से शुरू कर दें। शीघ्र ही इससे संबंधित प्रचार सामाग्री 'वॉयस ऑफ बुद्धा' सहित अन्य माध्यमों से आप लोगों तक पहुंचा दी जाएगी। रेल से यात्रा करने वाले साथी अभी से ही आरक्षण इत्यादि करवा लें। प्रदेश पदाधिकारियों से आग्रह है कि जिन प्रदेशों में अभी तक प्रदेश स्तरीय सम्मेलन नहीं हुए हैं, शीघ्र ही करा लें। जहां पर मुझे आने की जरूरत समझें, मैं स्वयं आ सकता हूं।

रैली से संबंधित खबरों से अपडेट रहने के लिए परिसंघ के फेसबुक www.facebook.com/aiparisangh पेज को लाइक करें, ट्विट्र @aiparisangh को फॉलो करें और www.vobnews 24.com भी देखें।

डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय चेयरमैन

म.प्र. परिसंघ का कार्यकर्त्ता सम्मेलन संपन्न

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनो का अखिल भारतीय परिसंघ, मध्य प्रदेश, द्वारा निजी क्षेत्र में आरक्षण प्रदान करने के लिए एक दिवसीय प्रदेश कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन 29 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से सायंकाल 4 बजे तक गांधी भवन, पालिटेक्निक चौराहा, भोपाल म. प्र. में खचा-खच हाल से भरे पदाधिकारियों की उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

मंच पर डॉ. उदित राज के साथ नरेन्द्र चौधरी एवं परमहंस प्रसाद

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. उदित राज उपस्थित थे। सभाध्य के रूप में म.प्र. परिसंघ के अध्यक्ष. मा. परमहंस प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में परिसंघ महिला मोर्चा की सह संयोजिका कुमारी अर्चना भोयर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय राज, छतरपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश प्रजापति, देवेश कल्याणी-संपादक सान्ध्य दैनिक प्रदेश टुडे भोपल ,म.प्र. के कार्यवाहक अध्यक्ष मा. बिपिन टोपो, डॉ. जगदीस सूर्यवंशी, ओ. पी. अहिरवार, जे. पी. ननहट बौद्ध, एच.आर. चौहान, नरेद्र चौधरी, प्रदेश महासचिव, एफ.एस. बरैया, डॉ. के. के. बच्चन, लक्ष्मन सिंह शिलोटे, रजनी कल्याणी आशीष कुमार, बी. एल. हरोर, मोहन खोड़े, के. के. बन्जारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, के. के. जोशी, दयाशंकर, दयाराम, बी. एल. चौधरी, तुलसी राम, इं. बिनोद बट्टी, महिला पदाधिकारी के रूप मे सुधा देवी, लक्ष्मी सिंह, के अलावा जिला एवं सम्भाग के पदाधिकारियों ने प्रदेश सम्मेलन को संबोधित किया।

कार्यकर्त्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. उदित राज जी ने कहा कि आगामी 4 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली में मध्य प्रदेश की संख्या अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर द्वारा यदि आरक्षण का प्रावधान न किया गया होता तो आज भी हमारी दुर्दशा इससे कहीं ज्यादा होती। अब चूंकि ज्यादातर विभागों का निजीकरण किया जा रहा है तो यदि आरक्षण की लड़ाई कमजोर हाती है तो हम फिर से उसी स्थिति में पहुंच जाएंगें। उन्होंने कहा कि साल के 365 दिनों में सिर्फ एक दिन आरक्षण बचाने की लड़ाई के लिए मांगा जा रहा है, यदि वह भी नहीं मिल सकता तो हमारे अधिकार छिनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील किया कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सोसल मीडिया का इस्तेमाल करें और परिसंघ का फेसबुक पेज लाइक करें और ट्वीटर पर फालो करें। परिसंघ के यूट्यूब चैनल को सब्सिक्राइब करें। VOB New 24 चैनल मुख्य रूप से परिसंघ की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए बनाया गया है, उसे सब्सिक्राइब करें। अब परिसंघ की बेबसाइट www.aiparisangh.com पर ऑनलाइन वार्षिक एवं आजीवन सदस्य बनाने का प्रावधान कर दिया गया है। बेबसाइट पर जाकर सदस्य बनें और ऑनलाइन डोनेशन भी करें। उन्होंने बताया कि आगामी 5 नवंबर को परिसंघ के प्रमुख पदाधिकारियों एवं VOB New 24 चैनल टीम की एक बैठक स्पीकर हॉल, कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली पर रखी गयी है, जिसमें रैली की सफलता की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा और प्रचार सामाग्री भी वितरित की जाएगी। इसलिए परिसंघ के प्रमुख प्रदेश पदाधिकारी 5 नवंबर को प्रातः 10 बजे इस बैठक में शामिल हों।

प्रदेश अध्यक्ष, श्री परम हंस प्रसाद जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. उदित राज जी को आश्वासन देते हुए कहा कि इस बार दिल्ली में 4 दिसंबर की रैली में मध्य प्रदेश की अच्छी भूमिका रहेगी।

दीए जलाने का रिकॉर्ड एक बच्ची के खाली पेट मर जाने से ज्यादा ध्यान खींचता है

हम भूख को क्यों नहीं पहचान पाते

उर्मिलेश

ठोस तथ्यों और आंकड़ों के बावजूद भारत की मध्य और उच्चवर्गीय आबादी का बड़ा हिस्सा अपने समाज में चारों तरफ फैली भूख, बेहाली और लाचारी को नजरअंदाज करते रहने में ही अपनी भलाई समझता है। आर्थिक सुधारों के बाद के दौर में गरीब और अमीर के बीच की दूरी सिर्फ भौतिक स्तर पर ही नहीं, मानसिक स्तर पर भी बढ़ी है। हम लोगों के जीवन में छाया अंधेरा नहीं देखना चाहते। कभी हम नदी किनारे दीप जलाकर 'रिकॉर्ड' बनाते हैं तो कहीं किसी निर्माणाधीन मूर्ति या पुल को दुनिया की सबसे ऊंची या लंबी बताकर खुश हो लेते हैं। ऐसे दावे असल में उन ठोस वैश्विक सच्चाइयों से कतराने की कोशिश हुआ करते हैं, जो हर साल दुनिया के तमाम विकास संबंधी सूचकांकों में साफ-साफ झलकती रहती हैं। अभी कुछ दिन पहले जब 'इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट' से 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स' जारी हुआ तो जमीनी स्तर पर भारत की बदहाली को लेकर जैसी चिंता दिखनी चाहिए थी, वह हमारे समाज, सियासत और मीडिया में नहीं दिखी। उस वक्त तो देश का ज्यादातर मीडिया किसी हनीप्रीत की तलाश में या राधे मां के थानेदार की कुर्सी पर बैठने की कहानी में उलझा हुआ था।

खबरों का खेल

119 देशों के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत के 100 वें स्थान पर होने की खौफनाक असलियत का ठोस सबूत अब झारखंड के सिमडेगा जिले की 11 वर्षीय बच्ची संतोषी की मौत के रूप में सामने आया है। भूख से मौत हमारे मुल्क के लिए कोई नई बात नहीं है। देश के अनेक हिस्सों में गरीब लोग भूख और साधारण बीमारियों से मरते रहते हैं पर वे खबर नहीं बनते। बहुत दिनों बाद किसी के भूख से मरने की खबर हमारे मीडिया में आई है, लेकिन इस पर खास चर्चा नहीं हुई। अयोध्या के सरयू तट पर लाख दीयों की जगमग दिवाली की खबर अखबार से लेकर चैनलों तक छाई रही। मिथकों पर भरोसा करें तो वनवास से लौटे राम के लिये अयोध्या में आम जन ने दीप जलाए और पुष्पवर्षा की। पर इक्कीसवीं सदी में यह सब सरकारी स्तर पर हुआ। सरकारी पैसे से सरयू तट पर 1 लाख 87 हजार 213 दीये जलाये गए, वह भी दीवाली से एक दिन पहले। सरकारी हेलिकाप्टरों से पुष्पवर्षा की गई। टीवी चैनल इसे घंटों लाइव दिखाते रहे। पर इनकी स्क्रीन पर कहीं भी झारखंड की 11 वर्षीय संतोषी की मौत की खबर नहीं थी।

अखबारों-वेबसाइटों में भी यह खबर बीस दिन बाद छपी, पर इसने हमारे विकास के मॉडल, राजनेताओं के सत्ता-प्रपंच और योजनाकारों की प्राथमिकता की पोल खोलकर रख दी। महानगरों के बड़े संस्थानों और दफ्तरों में ऊंची कुर्सियों पर बैठे जिन लोगों को यकीन नहीं था कि भारत जैसे 'तेजी से विकसित होते देश' में लोग आज भी भूख से मर रहे हैं, उनके लिये यह खबर चौंकाने वाली थी! झारखंड में जिस दिन यह मामला सामने आया, उसी दिन से सत्ताधारियों का एक हिस्सा संतोषी की मौत को मलेरिया और भूख के विवाद में उलझाने में लगा है। बहरहाल, उनके अपने उलझाव के बीच इस बात का भी रहस्योद्घाटन हो गया कि 'आधार कार्ड' की अनिवार्यता कैसे गरीबों की मौत का कारण बन सकती है। संतोषी के घर वालों का राशनकार्ड आधार से लिंक नहीं हो पाया तो जन-वितरण विभाग ने उनके राशनकार्ड को ही निरस्त कर दिया। इससे परिवार को कई महीने से राशन नहीं मिल पा रहा था।

> झारखंड में जिस दिन संतोषी की मौत की खबर आई, उसी दिन से सत्ताधारियों का एक हिस्सा इसे मलेरिया और भूख के विवाद में उलझाए पड़ा है

वैश्विक भूख सूचकांक की तरह एक और ग्लोबल इंडेक्स भारत के संदर्भ में बहुत डरावना है। वैश्विक असमानता सूचकांक में भारत इस वक्त दुनिया के 180 मुल्कों में 135वें स्थान पर है। मानव विकास आंकने वाले 180 देशों के वैश्विक सूचकांक में भारत इस वक्त 130 वें स्थान पर है। यानी हमारे यहां 'आर्थिक विकास', 'ग्रोथ रेट' और तमाम तरह के कर-सुधारों का लाभ सबको नहीं मिल पा रहा है। कुछ लोग खूब तरक्की कर रहे हैं जबकि बहुत सारे लोग बेहाल हो रहे हैं। इससे असमानता तेजी से बढ़ रही है। पता नहीं क्यों अपने देश के अमीर लोग इस स्थिति से तनिक भी विचलित नहीं नजर आते। वे क्यों नहीं सोचते कि दुनिया उन्हें 'भुक्खड़ों और बर्बाद लोगों के महादेश' का 'अमीर' मानती है। वे अपने इस निजी और राष्ट्रीय-अपमान से आहत क्यों नहीं होते। दुनिया का सर्वाधिक खुशहाल इलाका कहलाने वाले यूरोप में कौन सा ऐसा देश होगा, जहां भारत की तरह सिर्फ 1 फीसदी लोग पूरे मुल्क की 58 फीसदी संपदा के मालिक हों और 10 फीसदी लोग देश की लगभग 80 फीसदी संपदा पर काबिज हों। इससे भारत में तेजी से बढ़ती गैर-बराबरी का अंदाजा अच्छी तरह लगाया जा सकता है। पर हमारे योजनाकारों के लिये यह चिंता का सबब नहीं है।

चमकीले दावे

वे तरक्की के लिये कभी विनिवेश पर जोर देते हैं, तो कभी 'कर-प्रणाली में बड़े सुधार' का ऐलान करते हैं। कभी 'मनरेगा' जैसी कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत करते हैं तो कभी कोई 'उज्ज्वला' योजना लाते हैं! तरक्की को ज्यादा चमकीला दिखाने के लिए कभी सवा लाख करोड़ की 'बुलेट ट्रेन' का प्रस्ताव लाते हैं तो कभी एक साथ सौ से अधिक सैटेलाइट का प्रक्षेपण करते हैं। लेकिन मानव विकास की स्थिति सुधारने या असमानता की समस्या को संबोधित करने के लिये कोई कारगर कदम नहीं उठाते! यह स्थिति हमारे गणतंत्र के लिए अत्यंत खतरनाक साबित हो सकती है। अगर हम 'मंदिर-मस्जिद', 'लव जिहाद' और गौरक्षा के नाम पर समाज में परस्पर विद्वेष बढ़ाने के बजाय सबके लिए समान शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार को अपने अजेंडे में सबसे ऊपर लाएं तो रास्ता मिल सकता है। लेकिन कोई सुनने को तैयार है क्या? दीए जलाने का रिकॉर्ड एक बच्ची के खाली पेट मर जाने से ज्यादा ध्यान खींचता है।

http://epaper.navbharattimes.com/details/35231-63345-1.html

माहवारी से गुजरती हैं महिलाएं, नियम चलते हैं पुरुषों के

आरती रानी प्रजापति

महावारी 10–14 की आयु में शुरु होने वाला नियमित चक्र है। जिसमें स्त्री की योनि से रक्त का स्त्राव होता है। यह वह समय है जब स्त्री के शरीर में कई परिवर्तन होते हैं। महावारी सिर्फ शरीर में घट रही एक घटना नहीं है बल्कि इसका सम्बन्ध दिमाग से भी है। महावारी के समय स्त्री थकान महसूस करती है। लगातार 3–4 दिन का रक्त स्त्राव उसे कमजोर करता है। कई महिलाओं को इस समय हाथ–पैरों में सूजन, पेट–पैर में दर्द, कमर दर्द, बुखार, भूख न लगना, कब्ज, चिड़चिड़ापन, उल्टी, चक्कर आना जैसी अन्य समस्याएँ भी होती हैं। कुल मिलाकर महावारी के समय स्त्री का स्वास्थ देखभाल की मांग करता है उसे आराम की जरूरत होती है जिसे अति संवेदनशील पितृसत्तात्मक समाज नहीं समझता। स्त्री के इस प्राकृतिक नियम को समाज उसकी कमजोरी मानता है।

आज जब हम फोर–जी के जमाने में जी रहे हैं तब भी कई भारतीय घरों में माहवारी के समय महिलाओं से काफी भेद भाव किया जाता है। महावारी के समय अक्सर घर की सभी चीजों को उस महिला से दूर रखा जाता है। वह चीजें यदि ईश्वर से जुड़ी हों तो उसको महिला छू भी नहीं सकती। आज भी ऐसे बहुत से भारतीय मंदिर है जिनमें महिला प्रवेश वर्जित है। कारण सिर्फ उसका स्त्री लिंग में जन्म। यदि स्त्री लिंग में जन्म ही बुरी चीज है, प्रत्येक मंदिर से देवियों की मूर्तियों को हटा देना चाहिए। क्योंकि वे भी महिला ही हैं जिन्हें कभी न कभी महीना आता ही होगा। यदि नहीं आता तो वे माँ क्यों कहलाती हैं? जिन देवी को हम माँ कहकर पुकारते हैं वह भी महीने के उन दिनों में हमें अछूत घोषित कर देती हैं।

महावारी में ऐसा क्या है जो इसे इतना घृणित माना जाता है। क्या रक्त का निकलना वास्तव में एक अपराध है? नहीं! माहवारी में पवित्रता की यह जो धारणा है उसका सीधा सम्बन्ध स्त्री की योनि से है। रक्त का स्राव योनि से होता है इसलिये माहवारी के रक्त को अपवित्र माना गया है। वरना शरीर के किसी अन्य अंग से निकले रक्त की तरह ही यह भी रक्त ही है।

महावारी लड़की को, दरअसल, कम करके आंकने का एक तरीका है। स्त्री को बार–बार समाज यह बोध करवाता है कि तुम पुरुष से कम हो। स्त्री को दोयम दर्जे पर रखने का यह सरल उपाय है। पुरुष को किसी तरह के स्राव को झेलना नहीं पड़ता। स्त्री को महावरी होती है इसलिए वह निम्न दर्जे की प्राणी है। सभ्यता के साथ साथ स्त्री के मन में भी इस बात को इस तरह बैठा दिया गया है कि वह महावारी में खुद को अछूत मानने लगती है। वर्ण–व्यवस्था में अछूत उस तबके को माना गया जो सबसे ज्यादा काम करता है। यही हाल स्त्री के साथ भी है। स्त्री की हालत कहीं–कहीं दलितों से भी खराब है। दोनों (स्त्री और दलित) को इनकी स्थिति के लिए पूर्व जन्म के कर्मो को दोषी बना दिया जाता है। स्त्री को कम करके आंकने पर ही पुरुष वर्चस्व स्थापित हो सकता है। वरना महावारी एक नियमित चक्र है। जिसे सोना, खाना, पीना के अनुसार ही लेना चाहिए। क्योंकि यह रक्त स्त्री की योनि से निकल रहा है इसलिए इसे अपवित्र, घटिया माना गया। यानी स्त्री की योनि एक खराब अंग है। अंग स्त्री का है इसलिए कुल मिलाकर स्त्री ही खराब है। स्त्री को दोयम दर्जे पर रखने के लिए कोई ऐसा साधन चाहिए था जो पुरुष से अलग हो। गर्भ धारण भी पुरुष से अलग ही प्रक्रिया है। पर उसको यदि हीन नजर से देखें तो विवाद हो जाएगा। क्योंकि गर्भ पुरुष के वीर्य से बना है। इसलिए यदि स्त्री गर्भ धारण करती है। तो उसको अपवित्र नही माना जाता, लेकिन रजस्वला स्त्री अपवित्र की कैटेगीरी में रखी गई। गर्भ का संचार पुरुष योग से हुआ है इसलिए तभी तक वह सही है जब तक प्रसव नहीं हुआ। ध्यान रहे प्रसव के बाद भी स्त्री के साथ अछूत जैसा ही व्यवहार किया जाता है। जिस घर में बच्चे का जन्म हुआ हो कुछ समय बाद तक वह अशुद्ध ही रहता है। और उसके शुद्धिकरण के लिए हवण आदि करवाया जाता है। यानी अपवित्र स्त्री को धर्म ही पवित्र कर सकता है। उससे इतर ऐसी कोई शक्ति नहीं जो स्त्री को अछूत होने से बचा सके। अजीब बात है कि हम सभी स्त्रियाँ इस स्त्री विरोधी मानासिकता को न सिर्फ झेल रही हैं बल्कि आगे भी बढ़ा रही हैं।

पहले के समय में महीने के इन दिनों में कपड़ा इस्तेमाल किया जाता था। महिला को यह समझने का मौका ही नहीं दिया जाता कि उसका शरीर जरुरी है। घर की पुरानी चादर, फटे कपड़े महीने के इन दिनों के लिए रखे जाते थे। पहले पेड की भी सुविधा नहीं थी। फलस्वरूप महिला राख, मैले कपड़े, फटी चादरों को धो–धो इस्तेमाल करती थी। जिस कारण महिलाओं को योनि से सम्बंधित कई बीमारियाँ हो जाती थी। आज के समय में ऐसी महिलायें कम नहीं जिन्हें डॉक्टर से अपनी बात कहने में शर्म आती हो। पहले ऐसे डॉक्टर भी मिल पाना कहाँ संभव था। चिकित्सा की सुविधा भी एक वर्ग तक सीमित रही है। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा की क्या दशा है यह गोरखपुर हत्याकांड से साबित हो जाता है।

पैड भले ही मामूली चीज लगे लेकिन यह हर महिला के लिए जरुरी वस्तु है जिस पर सरकार द्वारा टैक्स महिला के उन दिनों की समस्या को बढ़ाना है। भारत जैसे गरीब देश में जहां लोग दो वक्त की रोटी के लिए मोहताज हैं वहां महिलाओं को आज भी कपड़े का इस्तेमाल करना पड़ता है। उन क्षेत्रों में पैड एक विलासिता की वस्तु के रूप में देखा जाता है। सरकार को चाहिये कि इस वस्तु पर लगे टैक्स को न सिर्फ कम करे बल्कि इसके दाम भी कम करे। जिससे हर घर की महिला इस विलासिता माने जाने वाली चीज का इस्तेमाल कर सके। एक पैड भले ही मामूली लगे पर यह स्त्री को बाहर आने जाने में सहूलियत देता है। आप कहीं भी उठ–बैठ सकती हैं। कपड़े में रक्त को सोखने की वह शक्ति नहीं होती। शुरुवाती दिनों में जब महिला को अत्याधिक रक्तस्राव होता है कपड़ा आधे घंटे भी नहीं टिक सकता। जबकि पैड आपको 10–12 घंटे की सुरक्षा प्रदान करता है।

सैनेटरी पैड कोई दिखावे की वस्तु नहीं न ही श्रृंगार का सामान है। यह ऐसी वस्तु नहीं जिसके कारण महिला की जिन्दगी प्रभावित न होती हो। जहाँ सुविधा नहीं है वहां लड़कियाँ महीने के उन दिनों में पढाई छोड़ घर पर बैठ जाती है। भले ही आप कहें कि रोज लाखों पैड बिकते हैं उसपर टैक्स देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम करे न करे, लड़कियों को जो किसी तरह एक पैकेट पैड खरीद पाती थी उन्हें घर में बंद जरुर करेगा। फिर आपके बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का क्या होगा? भई, जिसके पास पैसा है वह चीजों के दाम बढ़ जाने पर भी इतना विचलित नहीं होते क्योंकि वे ज्यादा खर्च कर सकने की हैसियत रखते हैं। सरकार का यह कदम गरीब महिला के स्वास्थ्य के लिए कितना घातक होगा यह आने वाली खबरें ही तय कर देंगी।

http://hindi-roundtableindia-co-in//index.php/perspective/gender/8805-माहवारी-से-गुज़रती-हैं-महिलाएं%2 C -नियम-चलते-हैं-पुरुषों-के

***

अखिल भारतीय परिसंघ के दो दिवसीय सम्मेलन मे महिला प्रकोष्ठ की भागीदारी

दिनांक 30सितंबर व 01 अक्टूबर को दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के मावलंकर हाल में अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सकुशल सम्पन्न हुआ। जिसके प्रथम दिन के प्रातः प्रहर में संगठन के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज जी ने दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर व तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए व एक लंबी अवधि का उदबोधन देकर कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट किया। और लोगों को अपनी सोच समस्त आडम्बरों को त्याग कर वैज्ञानिक तार्किक रखने की सख्त हिदायत दी।। तथा भोजन के बाद के प्रहर में एक वेब न्यूज चैनल वॉइस ऑफ बुद्धा vobnews24.com का उदघाट्न किया। जिसके चौनल हेड श्री भरतलाल जी हैं। और उसके दस सदस्यीय बोर्ड में श्री राज जी ने अन्य प्रदेशाध्यक्षों सहित मंच से औरैया के श्री बलराम सिंह जी को सदस्य मनोनीत किया। और साथ ही इस दिन शाम को श्री राज जी ने 2 घण्टे : स्त्री समस्या और पुरुष प्रधान सोच पर एक बहस कराई जिस पर महिलाओं की स्वतंत्रता पर पुरुषों की निरर्थक आपत्ति का बड़े ही तार्किक ढंग से डॉ. कुंजन जी ने खंडन किया व साथे महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती सविता कदियान पंवार जी ने भी अनेको महिलाओं को साथ आने का आह्वान किया व कहा कि पिछले कुछ समय से पूरे देश के अलग अलग कोनों में दलित महिलाओं के साथ लगातार अत्याचार और शर्मसार करने वाली घटनाओं की सख्या लगातार बढ़ती जा रही है आखिर कब तक दलित महिलाएं इस अत्याचार की पीड़ा सहेंगी ।महिला का सशक्तिकरण सिर्फ सोचने मात्र से नहीं होगा बल्कि उन्हें भी पुरुषों की तरह बाहर निकलना होगा। महिला को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। गार्मीण क्षेत्रों में स्थिति जस की तस बनी हुई है। बाबा साहब अम्बेडकर का सपना था कि महिलाएं चाहे दलित समाज की हो या सवर्ण समाज से सभी वर्ग की महिलाओं को बराबर का सम्मान मिलना चाहिए। सविता जी ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है यदि उनकी भागीदारी नहीं होगी तो देशा का विकास संभव नहीं हो सकता और जो महिलाएं शिक्षा से वंचित रह जाती हैं उनके लिए आज के सभय में जीवनयापन करना बेहद मुश्किल है उन्हें न कोई अधिकार दिया जाता है न ही पुरुषों के बराबर भागीदारी। ऐसे में हम सबको मिलकर अपने लिए ही नहीं बल्कि उन सभी वंचित महिलाओं के अधिकार और सम्मान के लिए आवाज उठाने की जरुरत है । डॉ. उदित राज जी ने भी कहा कि कई देशों में गये है और वहा देखा है कि किस प्रकार महिलाओ की भागीदारी पुरुषों के बराबर है और कहीं कहीं तो पुरुषों से ज्यादा भागीदारी ज्यादा महिलाओं की देखी जाती हैं।

मंच पर डॉ. उदित राज जी के बाएं सविता कादियान पंवार राष्ट्रीय संयोजिका, दाएं अर्चना मौयर राष्ट्रीय सह संयोजिका एवं परिसंघ महिला प्रकोष्ठ की टीम

कार्यक्रम के दूसरे दिन के प्रातः प्रहर में श्री परमेन्द्र जी ने तथागत भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रशिक्षित कर लोगों को शांति पथ आष्टांगिक मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि ये सम्मेलन विजयादशमी के दिन आयोजित हुआ था। क्योंकि इसी दिन विश्व रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने 22 प्रतिज्ञाएँ ली थी। उसी अनुक्रम में करीब 1200 लोगों ने हजारों जातियों में बंटे धर्म का त्याग कर 22 प्रतिज्ञाओं का संकल्प लेते हुए आडम्बरी क्रियाकलापों से आजीवन दूर रहने का संकल्प लिया।

ततपश्चात द्वितीय प्रहर में दिसम्बर में आयोजित होने वाली रामलीला मैदान में 20वीं वार्षिक राष्ट्रीय महारैली की तैयारियों के सन्दर्भ मे सभी प्रदेश के पदाधिकारियों से श्री राज जी ने प्रगति रिपोर्ट ली। जिसमें प्रदेश महासचिव श्री नीरज कुमार चक जी ने 5 लाख रुपये चन्दा तथा 1 लाख लोगों के साथ आने का वचन दिया।

इसी के बाद श्री राज जी ने कार्यक्रम का समापन भाषण देते हुए सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।। जिसमें विशेष रूप से VOB NEWS 24 चैनल टीम एवं सोशल मीडिया सेल धन्यवाद के पात्र रहे।

– सविता कदियान पंवार
राष्ट्रीय संयोजक
परिसंघ महिला प्रकोष्ठ
मों. 9873944026

***

आगामी रैली से संबधित पोस्टर का नमूना छापा जा रहा है। परिसंघ के नेताओं से अपील है कि प्रदेश एवं जिला इकाइयों की ओर से भी छपवाकर वितरित करें।

दिल्ली चलो! दिल्ली चलो!! दिल्ली चलो!!!

"अभी नहीं – तो कभी नहीं"

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का

अखिल भारतीय परिसंघ

के तत्वावधान में

पदोन्नति व निजी क्षेत्र में आरक्षण एवं ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति हेतु

रैली

डॉ. उदित राज (Ex. IRS),
राष्ट्रीय अध्यक्ष, परिसंघ

4 दिसंबर, 2017
सोमवार, सुबह 11 बजे
रामलीला मैदान, नई दिल्ली

AlParisangh
AlParisangh
9899766443
parisangh1997@gmail.com
All India Parisangh
www.aiparisangh.com

भारी संख्या में भाग लेकर रैली को सफल बनाएं

निवेदक : ओम प्रकाश सिंघमार, परमेन्द्र, देवी सिंह राणा, एन.डी. राम, सत्या नारायण, सविता कादियान पंवार, संजय राज (दिल्ली), सुशील कमल, नीरज चक, राज कुमार (उ.प्र.), सिद्धार्थ भोजने, दीपक तमाने, संजय कांबले, अर्चना भोयर, सुनील जोडे (महाराष्ट्र), एस.पी. जरावता (हरियाणा), तस्सेम सिंह घारू, रोहित सोनकर (पंजाब), विश्राम मीना, एम.एल. रासु, मुकेश मीना (राजस्थान), विजय राज अहिरवार, हीरा लाल (उत्तराखंड), आलेख मलिक, डी.के. बेहेरा (उड़ीसा), परमहंस प्रसाद, नरेन्द्र चौधरी, विपिन टोपो (म.प्र.), रामूभाई वाघेला, उत्पल कुलकर्णी (गुजरात), एस. कसुपइया, पी. एन. पेरुमल (तमिलनाडु), रमन बाला कृष्णन (केरल), मधु चन्द्रा, रेव लन्यू हिलेरी ए (मणिपुर), के. महेश्वर राज, प्रकाश राठौर (तेलंगाना), Ch. दास (आंध्र प्रदेश), हर्ष मेश्राम, प्रदीप सुखदेवे (छ.ग.) पी. बाला (प.बंगाल), मधुसूदन कुमार, विलिफ्रड केरकेट्टा (झारखंड), आर.के कलसोत्रा (जम्मू व कश्मीर), मदनराम, शिवधर पासवान (बिहार), जे. श्रीनिवासलू (कर्नाटक), सीताराम बंसल, निहाल सिंह निहलता (हि.प्र.), प्रदीप बारफोर (असम)

पत्राचार : टी-22 अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 फोन : 011-23354841/42, मो. 9868978306, टेलीफैक्स : 011-23354843

आगामी रैली से संबधित हैंडबिल का नमूना छापा जा रहा है। परिसंघ के नेताओं से अपील है कि प्रदेश एवं जिला इकाइयों की ओर से भी छपवाकर वितरित करें।

प्रमुख उपलब्धियां

1. तीन संवैधानिक संशोधन कराकर आरक्षण बचाया
2. लोकपाल में आरक्षण कराया
3. 4 नवंबर 2001 को लाखों लोग बौद्ध बने
4. पदोन्नति में आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की
5. संसद में सबसे अधिक दलितमुद्दे उठाए
6. पिछड़ों को उच्च शिक्षा में आरक्षण का समर्थन

प्रमुख मुद्दे

1. पदोन्नति व निजी क्षेत्र में आरक्षण
2. आरक्षण कानून बनाओ
3. सेना और उच्च न्यायपालिका में आरक्षण
4. सफाई काम में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करना
5. बैकलॉग पदों को भरने हेतु विशेष भर्ती अभियान
6. समान शिक्षा एवं भूमिहीनों को भूमि
7. अनुसूचित जाति योजना एवं जन जाति उप योजना कानून बनाओ
8. एक राज्य का जाति प्रमाण-पत्र सभी राज्यों में मान्य हो
9. महंगाई की दर से छात्रवृति में बढ़ोत्तरी
10. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन और उसमें आरक्षण
11. जम्मू व कश्मीर में धारा 370 हटाया जाए और आरक्षण लागू हो

साथियो,

लोगों को यह लगता है कि पदोन्नति में आरक्षण भी समाप्त हो रहा है, उसको लेकर प्रभावित लोग कुछ चिंतित हैं। जो देख और महसूस नहीं कर पा रहे हैं, वह यह कि सरकारी नौकरी लगभग समाप्ति की ओर है। कारण है आउट सोर्सिंग, ठेकेदारी, विनिवेश और एफ.डी.आई. आदि। जहां पहले हजारों की भर्ती की सूचना अखबारों में निकलती थी अब कभी-कभार दर्जनों में ही दिखती है। सेंट्रल इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड, बी.एम.एल., सालेम स्टील प्लांट जैसी सरकारी कंपनियों को हाल ही में बेच दिया गया है, अब यहां आरक्षण खत्म। अभी 21 रेलवे स्टेशनों का निजीकरण हुआ और एअर इंडिया, जहां लाखों नौकरियां हैं, निजीकरण के रास्ते पर है। अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने ही निजी क्षेत्र में आरक्षण की बात सन् 2002 से उठकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस में ला दिया था लेकिन आवश्यक सहयोग न होने की वजह से डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार जो कुछ करने वाली थी वह भी पूंजीपतियों के दबाव में रुक गया। ठेकेदारी का रास्ता निकालकर सरकारी नौकरी ही नहीं समाप्त की जा रही है, बल्कि आर्थिक शोषण भी तेज हो गया है। शिक्षा के निजीकरण की वजह से दलित, आदिवासी, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। शिक्षण संस्थानों में भेदभाव बढ़ा है, चाहे वह हैदराबाद विश्वविद्यालय में रोहित वेमुला का मामला हो या जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय हो। जातीय पूर्वाग्रह के कारण ही सहारनपुर में भीम सेना ने जन्म लिया और दबंगों और दलितों के बीच भीषण संघर्ष जारी है। वह ऐ जातीय व्यवस्था! तू हजारों वर्षों से सबसे गंदा काम दलितों से कराए और उसके करने पर भी हत्या और भेदभाव। ऐसे में कैसे देश महान हो सकता है ?

जब तक कुछ बातों पर विमर्श नहीं होता तब तक संघर्ष भी सही दिशा में नहीं हो पा रहा है। पहला, विधायक, सांसद, मंत्री इसलिए नहीं लड़ेंगें, क्योंकि दलित का भी वोट इनके कहने से नहीं बल्कि राजनैतिक पार्टियों के प्रभाव से पड़ता है। जब एक दलित सांसद खुद के लिए दलित का वोट प्राप्त नहीं कर पाता तो वह क्या इनके लिए लड़ सकता है ? अगर ज्यादा दलित-प्रेम दिखाने की कोशिश करता है तो उसी के दूसरे या तीसरे भाई को खड़ा कर दिया जाता है। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने यह जरूर कहा था कि राजनैतिक सत्ता से सारे ताले खुल जाते हैं। यह कथन सत्य है लेकिन वे खुद कांग्रेस में रहकर इतना कुछ कर गए, जबकि राजनैतिक सत्ता मेहरू जी के हाथ में थी। जिस तरह से जाट और पटेल समाज बिना नेताओं के सड़क पर उतरकर संघर्ष किया, वैसा ही करना पड़ेगा, वरना राजनैतिक सत्ता के इंतजार में सबकुछ खो बैठेंगें।

विधायिका और कार्यपालिका आरक्षण खत्म नहीं कर सकती इसलिए व्यायपालिका का सहारा लिया जा रहा है। पदोन्नति में आरक्षण की समस्या मध्य प्रदेश, उ0प्र0, जम्मू व कश्मीर जैसे राज्यों में पैदा होने की वजह से सुप्रीम कोर्ट में बहस चल रही है। जज का कहना है कि एक ड्राइवर और एक जज एक समान नहीं हो सकते। जबकि सच्चाई यह है कि एक समान हैं, अगर जाति एक है तो। ड्राइवर की जिंदगी कार ड्राइविंग सीट पर नहीं बीतती और जज की फाइल में नहीं, इंसाफ जिंदगी समाज में ही जीता है। एक जाति के ड्राइवर और जज भाई या बिरादरी होते हैं, जबकि दूसरी जाति का जज अछूत। इस तर्क के द्वारा व्यायपालिका दलित और आदिवासी आरक्षण में भी क्रीमीलेयर लाने का षड्यंत्र कर रही है।

यह अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का परिसंघ ही है, जो 5 आरक्षण विरोधी आदेश, जो 1997 में जारी हुए थे, के खिलाफ संघर्ष किया और 3 संवैधानिक संशोधन कराए। पिछड़ों के लिए मिले उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण के लिए लड़ाई लड़ा। बहुजन लोकपाल बिल बनाकर लोकपाल में आरक्षण कराया। 2006 में पदोन्नति में आरक्षण के मुकदमे (नागराज) की पैरवी सरकार से 40 लाख रुपये दिलवाकर विजी वकील से कराई। डॉ. उदित राज ने निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए संसद में बिल पेश किया, जाट और मराठा जैसे सामाजिक आंदोलन का समर्थन मिला होता तो अब तक संसद कानून बनाने के लिए बाध्य हो जाती। देश में परिसंघ ही एक ऐसी संस्था है, जो लाखों कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं के लिए पत्र लिखकर या टेलीफोन करके सहायता करता रहता है। 4 नवंबर, 2001 को लाखों लोगों को बौद्ध बनाया। क्या देश में कोई अन्य ऐसी संस्था है जिसने अधिकार दिलाया हो और वैचारिक लड़ाई भी लड़ी हो। हां, कुछ संगठन हैं जो दुश्मन को गाली-गलौच देकर लोगों को एकत्रित कर लेते हैं, लेकिन क्या मैदाने जंग में अधिकार लेने के लिए कभी आए। परिसंघ सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों में आगे है। हम तो कहते हैं कि परिसंघ से अच्छा कोई और संगठन हो तो उसका साथ दो नही तो जात-पांत, एवं अहंकार भूलकर 4 दिसंबर को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में 11 बजे लाखों की संख्या में शामिल हों। याद रखें कि संख्या ही एक हमारी ताकत है। लाखों गोष्ठी और स्थानीय मीटिंगें कर ली जाएं तो उसका प्रभाव नहीं होने वाला है, जितना कि लाखों की संख्या में दिल्ली में इकट्ठा होकर।

निवेदक : ओम प्रकाश सिंघमार, परमेन्द्र, देवी सिंह राणा, एन.डी. राम, सत्या नारायण, सविता कादियान पंवार, संजय राज (दिल्ली), सुशील कमल, नीरज चक, राज कुमार (उ.प्र.), सिद्धार्थ भोजने, दीपक तभाने, संजय कांबले, अर्चना भोयर, सुशील जोडे (महाराष्ट्र), एस.पी. जरावता (हरियाणा), तरसेम सिंह घारू, रोहित सोनकर (पंजाब), विश्राम मीना, एम.एल. रासु, मुकेश मीना (राजस्थान), विजय राज अहिरवार, हीरा लाल (उत्तराखंड), आलेख मलिक, डी.के. बेहेरा (उड़ीसा), परमहंस प्रसाद, बरेन्द्र चौधरी, विपिन टोपो (म.प्र.), रामूभाई वाघेला, उत्पल कुलकर्णी (गुजरात), एस. करुणइया, पी. एव. पेरुमल (तमिलनाडु), रमन बाला कृष्णन (केरल), मधु चन्द्रा, रेव लब्धू हिलेरी ए (मणिपुर), के. महेश्वर राज, प्रकाश राठौर (तलंगाना), वैप दास (आंध्र प्रदेश), हर्ष मेश्राम, प्रदीप सुखदेवे (छ.ग.) पी. बाला (प.बंगाल), मधुसूदन कुमार, विल्फ्रिड केरकेट्टा (झारखंड), आर.के कलसोत्रा (जम्मू व कश्मीर), मदनराम, शिवधर पासवान (बिहार), जे. श्रीनिवासलू (कर्नाटक), सीताराम बंसल, निहाल सिंह निहलता (हि.प्र.), प्रदीप बास्फोर (असम)

Major Achievements:

1. Saved Reservation by introducing 3 constitutional amendments
2. Secured Reservation in Lokpal
3. Lakhs of people adopted Buddhism on 04 th November, 2001
4. Raised issue of reservation in judiciary in the Supreme Court
5. Raise highest number of questions of Dalits in the Parliamnet
6. Support to reservation for OBCs in higher education

Major Issues :

1. Reservation in promotion and in private sector
2. Enact Reservation Act
4. Reservation in higher judiciary and armed forces
5. Ban recruitment on contract
6. Special recruitment drives to fill backlog posts
7. Free and Equal Education and land to the landless
8. Law for implementation of SCP and TSP
9. Caste certificates of one state made valid in all states
10. Increase in educational scholarships in line with price rise
11. All India Judicial Services to be implemented
12. Reservation in Jammu and Kashmir by removing Article 370

